


प्रकाशन का 107 वाँ वर्ष

अजय

3 रूपये मात्र



लखनऊ, शुक्रवार 23 अक्टूबर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

यूपी:विधान परिषद की 11 सीटों के लिए वोटिंग आज

14.81 लाख मतदाता करेंगे वोट, 72 जिलों में होगी वोटिंग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पांच खंड स्नातक और छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, कानपुर नगर, कानपुर देहात और उन्नाव को छोड़कर प्रदेश के सभी 72 जनपदों में मतदान कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इन चुनावों में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 2,697 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 152 प्रत्याशी हैं।पांच खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी और बरेली-मुरादाबाद शामिल हैं। वहीं, छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद और गोरखपुर-फैजाबाद हैं।मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने 11 प्रेक्षक तैनात किए हैं। इसके अतिरिक्त 1041 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 456 जोनल मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। मतदान स्थलों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए 1108 भारी वाहन, 1737 हल्के वाहन और 12,309 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। मतदाताओं को मतदान से पहले अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

पीलीभीत में मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला


दो एसडीएम के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पद से हटाये गये, विभागीय जांच भी होगी, सपा-कांग्रेस ने की थी शिकायत

पीलीभीत। पीलीभीत की सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। बृहस्पतिवार को दो उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस मामले में एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी आरोपी बनाया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली नगर में मामला दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने इस कार्रवाई की जानकारी दी है। मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जांच कराई थी। प्राथमिक जांच में पूरनपुर के एसडीएम मयंक गोस्वामी और अमरिया के एसडीएम हेमंत चौधरी को गंभीर लापरवाही का दोषी माना गया। ये दोनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पद पर तैनात थे। आयोग ने बुधवार को दोनों उप जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया था। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। आयोग की सख्ती के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों एसडीएम के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। बता दें कि सपा ने सोमवार को इस मामले में ज्ञापन दिया था। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने भी इस मुद्दे को उठाया। इस मामले में दोनों दलों के नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। उल्लेखनीय है कि एसआईआर के बाद मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मामला तूल पकड़ने लगा है। सदर विधानसभा सीट पर वोटों में हेरफेर के आरोप लगाते हुए सपा और कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने 13 हजार से अधिक वोटों में गड़बड़ी और कुल 16 हजार से अधिक वोटों में हेरफेर का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके पीछे सत्ता पक्ष के एक मौजूदा विधायक के इशारे पर अधिकारियों के सिंडिकेट के काम करने का दावा किया। मामले में तत्कालीन डीएम की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, समाजवादी पार्टी ने भी प्रेसवार्ता कर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूल बाबू ने सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में कथित हेरफेर के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारियों ने काम किया।

सोनिया ने इंस्टाग्राम पर की शुरुआत

अपनी पुस्तक विलांग्गिंग-ए- जर्नी आफ लव की दिखायी पहली झलक



नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट शुरू किया। अपनी पहली पोस्ट में उन्होंने अपनी आगामी पुस्तक 'बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक साझा की। यह किताब 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। सोनिया गांधी ने अपने अकाउंट से कांग्रेस के आधिकारिक पेज के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को भी फॉलो किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि यह किताब प्रेम, कर्तव्य और अपनेपन की तलाश की कहानी है। पुस्तक में इटली में बिताए बचपन, कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात, नेहरू-गांधी परिवार में विवाह और पारिवारिक त्रासदियों के बाद बदली जिंदगी के अनुभवों का जिक्र है। करीब 79 वर्षीय सोनिया गांधी अब तक इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय नहीं थीं। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने उनके इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि दुनिया उनकी किताब के विमोचन का इंतजार कर रही है।

प्रदर्शन और धरने से कुछ नहीं होगा जनता के बीच जाएं-अमित शाह

कांग्रेस तीस साल तक सत्ता में नहीं आयेगी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन और धरने से कुछ हासिल नहीं होता। चुनाव जीतना है तो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझनी होंगी और कल्याणकारी योजनाओं पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, विपक्ष राजनीतिक चालबाजी और भीड़ के दम पर जनता के जनादेश को चुनौती नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण अगले 30 साल तक सत्ता में नहीं आ पाएगी। शाह दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन से जुड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड की 8,941 करोड़ रुपए की 33 परियोजनाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहाकि अगर चुनाव जीतना है तो जनता के बीच जाइए और उनकी समस्याएं समझिए। ये प्रदर्शन और धरने कुछ हासिल नहीं करेंगे। जहां आपकी सरकार है, वहां जनता के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कीजिए, नहीं तो बाकी जगहों से भी आपका सफाया हो जाएगा। शाह ने कहाकि भाजपा की जीत के बाद चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाए जाते हैं। दरअसल विपक्ष वोट चोरी का मुद्दा उठाकर अपनी हार का बहाना बना रहा है। जब विपक्ष चुनाव हारता है तो चुनाव आयोग की आलोचना करता है, जबकि अदालतों के फैसले अपने पक्ष में आने पर उन्हें सही बताता है। शाह ने केरल, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में विपक्षी दलों की जीत का हवाला देते हुए कहा कि वहां भी वही ईवीएम और चुनाव आयोग थे। जब मैं कहता हूं कि भाजपा 30 साल तक सत्ता में रहेगी, तो वे फिर वोट चोरी के आरोप लगाने लगते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि मैं यहीं पैदा हुआ, यहीं रहता हूं और यहीं मरूंगा। मुझे हर छह महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं है। मैं कह रहा हूं कि आपकी नकारात्मक राजनीति के कारण आप 30 साल तक सरकार नहीं बना पाएंगे। शाह ने कहाकि मुझे पता है कि आप मुझे सुन नहीं सकते, आप विदेश में कहीं बैठे हैं। आप यह भी नहीं बताते कि क्यों, लेकिन कोई बात नहीं, यह आपका निजी जीवन है... लेकिन एक बार जब दिल्ली पहुच जायें तो मेरी बात सुनिये।

यूपी : जनगणना में होगी हर व्यक्ति की गिनती

फुटपाथ पर रहने वालों से भी पूछे जायेंगे 40 सवाल

लखनऊ (आससे.)। गांव से शहर आकर किराये के मकान में रहने वाले हों या झोपड़ी और फुटपाथ पर रात गुजारने वाले लोग, जनगणना-2027 में सभी की गणना उनके रहने के स्थान के आधार पर होगी। विदेश में पढ़ाई या नौकरी कर रहे भारतीयों को देश की जनगणना में शामिल नहीं किया जाएगा। उनके भारत में रह रहे परिजनों की ही गणना होगी। जनगणना निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से करीब 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार, मकान और रहने की स्थिति के साथ आधार नंबर, बैंक खाते की संख्या, मोबाइल नंबर, वोटर आईडी, भारतीय पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। किसी भी दस्तावेज की प्रति जमा नहीं करनी होगी। नागरिकों का डाटा गोपनीय रखा जाएगा। जनगणना में कोई छूट न जाए, इसके लिए चार जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। शाम पांच से रात दस बजे तक फुटपाथ, फ्लाईओवर के नीचे, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सोने वालों की गणना की जाएगी।



यूपी, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के 648 उद्योगों को तुरंत बंद करें

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिये आदेश

नयी दिल्ली केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 648 उद्योगों को तुरंत बंद करने और उन्हें सील करने जैसी तत्काल कार्रवाई शुरू करने के लिए कहा है। बोर्ड ने अपने दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और अन्य उत्तरी राज्यों के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ये निर्देश दिए हैं। इन 648 उद्योगों में से 10 दिल्ली में, 80 राजस्थान में, 298 हरियाणा में और 260 उत्तर प्रदेश में हैं। यह निर्देश इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के डेटा का विश्लेषण करने के बाद जारी किया गया था। इस विश्लेषण में यह पाया गया कि ये 648 उद्योग केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन डेटा की 85 प्रतिशत उपलब्धता बनाए रखने में विफल रहे। ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार, दिल्ली और अन्य उत्तरी राज्यों में वायु प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर के साथ लगातार डेटा की उपलब्धता बनाए रखनी होती है।ऐसे उद्योगों के लिए कम से कम 85 प्रतिशत डेटा उपलब्धता बनाए रखना अनिवार्य है। यह सिस्टम उद्योगों द्वारा हवा में छोड़े जाने वाले प्रदूषण और गंदे पानी को लगातार रिकॉर्ड करता है और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य नियामक प्राधिकरणों को रियल-टाइम डेटा भेजता है. यदि प्रदूषण का स्तर मौजूदा नियमों से अधिक हो जाता है, तो यह सिस्टम अलर्ट जारी करता है। उत्तर भारत में वायु प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक औद्योगिक प्रदूषण भी है। प्रदूषण में इसका योगदान 20प्रतिशत तक हो सकता है। फिलहाल, हवा की बिगड़ती गुणवत्ता के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा बुधवार शाम से इस क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का पहला चरण लागू कर दिया गया है। ये उद्योग उन क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं जिनमें- अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की 17 श्रेणियां (जैसे चमड़ा कारखाने, चीनी मिलें और थर्मल पावर प्लांट); सामान्य अपशिष्ट उपचार/प्रबंधन सुविधाएं (कचरा प्रबंधन केंद्र); रेड कैटेगरी यानी लाल श्रेणी के उद्योग (मध्यम और बड़े पैमाने के); खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग); कपड़ा उद्योग (टेक्सटाइल); और धातु प्रसंस्करण (मेटल प्रोसेसिंग) उद्योग- शामिल हैं।

उमरा करने सऊदी गए 4000 भारतीय फंसे

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास प्रभावित यात्रियों की जल्द वापसी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स के साथ लगातार संपर्क में हैं। एमईए के प्रवक्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पिछले एक सप्ताह में सऊदी अरब में फंसे करीब तीन हजार उमरा यात्रियों ने उपलब्ध उड़ानों से भारत वापसी की है। यह उन 10 हजार से अधिक सामान्य उमरा यात्रियों के अलावा है, जिन्होंने उपलब्ध उड़ानों में टिकट बुक कराए थे और पिछले एक सप्ताह में भारत लौटे हैं। जायसवाल ने कहाकि अन्य उमरा यात्रियों की जल्द वापसी की व्यवस्था करने पर भी चर्चा की जा रही है।

सऊदी ड्रोन अटैक एक भारतीय समेत 3 की मौत

नयी दिल्ली। सऊदी अरब के पूर्वी तट पर फारस की खाड़ी के पास स्थित दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार देर रात ड्रोन से सीधा हमला बोला गया। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें दो भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। विस्फोट और आग के चलते एयरपोर्ट टर्मिनल व रनवे परिसर को नुकसान पहुंचा। विश्वभर की उड़ानों की ट्रैकिंग करने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24% के अनुसार, सुरक्षा कारणों से दम्माम आने वाली दर्जनों अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का रूट तुरंत डायवर्ट कर दूसरे हवाई अड्डों पर उतारा गया। सऊदी सैन्य गठबंधन ने दावा किया है कि उसने पूर्वी इलाके में चार ड्रोनों को मार गिराया, लेकिन उनके मलबे के गिरने से भारी नुकसान हुआ।

सीजेपी नेताओं ने पेश होने के लिए पुलिस से मांगा समय

नयी दिल्ली (आससे)। जंतर-मंतर पर कथित अनधिकृत प्रवेश के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास, आशुतोष रंका और अजिंक्य शिंदे ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के सामने पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। तीनों को गुरुवार दोपहर 12 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पुलिस अब उन्हें नए समन जारी करेगी। तीनों नेताओं पर 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर में कथित तौर पर अनधिकृत प्रवेश कर तिरंगा फहराने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है। वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सौरव दास और आशुतोष रंका को एक सप्ताह की न्यायिक हिरासत के बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने दोनों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड जमा करने तथा शांति बनाए रखने का लिखित आश्वासन देने पर रिहा करने का निर्देश दिया था। अजिंक्य शिंदे को पहले ही जमानत बांड पर रिहा किया जा चुका है।


रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से हटायी गयी 74 कलाकृतियां

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि बीकानेर हाउस के प्रबंधन ने उन्हें अपनी प्रदर्शनी से कलाकृतियों का एक बड़ा हिस्सा हटाने के लिए कहा। इन कलाकृतियों में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन और अन्य प्रदर्शनों को दिखाया गया था।इंस्टाग्राम पर पोस्ट में रेहान ने लिखा,पांच घंटे पहले बीकानेर हाउस प्रबंधन ने मुझे अपने शो नो आइडिया इज फाइनल में प्रदर्शित कलाकृतियों के एक बड़े हिस्से को हटाने के लिए मजबूर किया। इन तस्वीरों में दिल्ली में युवाओं के विरोध प्रदर्शन दिखाए गए थे। जाहिर है, यह कंटेंट आपत्तिजनक है। उन्होंने मुझसे तिरंगे की दो तस्वीरें हटाने के लिए भी कहा। मैंने मना कर दिया है। मैं भारतीय ध्वज की तस्वीर नहीं हटाऊंगा। रेहान ने कहा कि फिलहाल यह शो आंशिक रूप से जारी रहेगा।

तिब्बत में भूकंप के तेज झटके

नयी दिल्ली। तिब्बत में रात करीब 8.03 बजे भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 173 किलोमीटर की गहराई में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। तीन सितंबर को भी तिब्बत में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तब भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गई गई थी। भूकंप के झटके दोपहर करीब 1.46 बजे दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र 31.479 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 80.370 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। इसकी गहराई जमीन के अंदर करीब 14 किलोमीटर बताई गई। भूकंप का लोकेशन तिब्बत क्षेत्र में दर्ज किया गया।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने नोटिस दी तो नियमानुसार होगी कार्रवाई-ओम बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नोटिस फिर से दिया तो निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी और नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन में संवाददाताओं से कहा कि जजों की तरफ चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है उन्होंने कहा कि जब (प्रस्ताव) लाएंगे, तब प्रक्रिया अपनाएंगे, उसकी एक प्रक्रिया है। जिस तरीके से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया होती है, वैसे ही चुनाव (आयोग) के मामले में भी प्रक्रिया होती है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत और विचार रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपना-अपना मत-विचार रखने का अधिकार होता है। संसद में जब लाएंगे, उस समय कार्रवाई करेंगे। संसद के सत्रावसान के बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि इसके लिए संविधान में निर्धारित प्रक्रिया है और इसमें लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि इसकी एक प्रक्रिया है। सरकार की संसदीय समिति राष्ट्रपति को भेजती है और राष्ट्रपति की अनुशंसा से होता है, इसकी नियम प्रक्रिया है।

इजरायली स्वतंत्रता दिवस पीएम मोदी को मिला न्योता

नयी दिल्ली। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय पायलट स्मित मच्छार के साथ मिलकर मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने अपने मित्र, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर एक बहादुर भारतीय पायलट के साथ मिलकर मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने आगे कहा मोदी ने निमंत्रण के लिए मुझे धन्यवाद दिया और कहा कि जमीन और आसमान, दोनों जगह भारत और इजरायल मिलकर आतंकवाद से लड़ते हैं। उन्होंने हमारे बीच के साहसिक और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की।

कुछ लोग देख रहे भारत में अव्यवस्था का सपना-मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब पूरी दुनिया एक नयी व्यवस्था की तलाश कर रही है, तब कुछ लोग भारत में अव्यवस्था का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत की छवि खराब करने पर तुले हुए हैं। वे विदेश जाते हैं, भारत को बदनाम करते हैं और दूसरे देशों के लोगों से भारत के मामलों में दखल देने की अपील करते हैं। पीएम मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि अपने नाकाम उत्पाद को लॉन्च करने की कोशिश में कांग्रेस देश को कितने समय तक दांव पर लगाए रखेगी, यह कोई नहीं जानता।उन्होंने कहा कि श्रीहरिकोटा से एक साल में उतने रॉकेट लॉन्च नहीं होते, जितनी बार कांग्रेस एक साल में अपने नेता को लॉन्च करने की नाकाम कोशिश करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का यह परिवार अब अपनी ही पार्टी पर बोझ बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया के हालात मुश्किल हैं। ऐसे में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया ने भारत की भूमिका देखी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की भूमिका के बारे में विस्तार से बताने से पहले, मैं आपको सात से आठ साल पहले के दौर में ले जाना चाहता हूं। हम सभी ने देखा कि कोविड-19 महामारी के दौरान क्या हुआ था।

भारत-पोलैंडके बीच रक्षा, अंतरिक्ष-परमाणु ऊर्जा क्षेत्रमें सहयोग बढ़ानेपर सहमति

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष डोनाल्ड टस्क से की द्विपक्षीय वार्ता

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा सहित रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और बदलाव के दौर से गुजर रही है। इसके बावजूद भारत और पोलैंड विकास, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त विकास और उत्पादन के लिए आमंत्रित किया। तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए टस्क के साथ पोलैंड के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की और व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आया है। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टस्क से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। टस्क ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। टस्क अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु भी जाएंगे, जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना है।

